# आरईएस : सीएम हेल्पलाइन बना मजाक, फीड की जाती है झूठी जानकारी

## सीएम हेल्पलाइन में शिकायत के साथ अपलोड किए गए पत्र के बाद भी कार्यालय अभिलेख में पत्र नहीं होने की फीड कराई जा रही जानकारी

नवभारत न्यूज

**सीधी 24 नवम्बर। आरईएस में सीएम हेल्पलाइन मजाक बन गया है। यहां झूठी जानकारी फीड की जाती है। सीएम हेल्पलाइन में शिकायत के साथ अपलोड किये गये पत्र के बाद भी कार्यालय अभिलेख में पत्र नही होने की जानकारी फीड कराई जा रही है।**

शिकायतकर्ता आदित्य नारायण सिंह ग्राम पड़ैनिया खुर्द द्वारा विगत 19 अगस्त 2025 को सीएम हेल्पलाइन में शिकायत क्रमांक 33962773 दर्ज कराते हुये आरईएस विभाग सीधी से सम्बद्ध शिकायत दर्ज कराई गई। शिकायत में कहा गया कि कार्यालय कार्यपालन यंत्री




आरईएस विभाग सीधी में पदस्थ संविदा डाटा एंट्री आपरेटर तत्कालीन प्रभारी लेखापाल नीलेश पाण्डेय द्वारा विभाग में करोड़ों के भ्रष्टाचार से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज एवं चेक/डीडी, एमबी में आग लगाकर नष्ट कर दिया गया था। जिसकी जांच कर दोषी संविदा डाटा एंट्री आपरेटर नीलेश पाण्डेय के खिलाफ कार्यवाही कर संविदा सेवा समाप्त करने का आवेदन दिया गया था। उक्त आवेदन का निराकरण ईई आरईएस सीधी स्तर पर लम्बित है इसका शीघ्र निराकरण कराया जाय।

उक्त शिकायत सीएम हेल्पलाइन में दर्ज होने पर ईई आरईएस कार्यालय में पदस्थ डीएम राजभान तिवारी प्रभारी सीएम हेल्पलाइन के पास पहुंची। डीएम श्री तिवारी द्वारा शिकायत का सार्थक निराकरण कराने की बजाय शिकायत को बंद कराने के लिये लगातार भ्रामक जानकारियां भेजी जाती रहीं। शिकायतकर्ता के असंतुष्टि के कारण शिकायत एल-1 से बढ़कर एल-4 तक पहुंच गई। शिकायतकर्ता का कहना है कि इस संबंध में कार्यपालन यंत्री को भी पूरे साक्ष्य के साथ आवेदन दिया गया था। उक्त आवेदन में भी यह स्पष्ट किया गया था कि करोड़ों के घोटाले में शामिल तत्कालीन प्रभारी एसएसी संविदा डाटा एंट्री आपरेटर के लिप्त होने के कारण उनके द्वारा षड़यंत्र पूर्वक महत्वपूर्ण दस्तावेजों, चेक, डीडी, तकनीकी स्वीकृति, प्रशासकीय स्वीकृति, एमबी में आग लगाकर नष्ट कर दिया गया था। उक्त आगजनी की घटना का वीडियो एवं फोटोग्राफ्स सोशल मीडिया एवं समाचार पत्रों में प्रकाशित भी हुई थे। यदि विभाग के किसी भी उपयोगहीन दस्तावेज को नष्ट करना है तो उसकी पूर्व विभागीय अनुमति प्राप्त करना आवश्यक होता है। आरईएस कार्यालय में बिना किसी सक्षम अधिकारी के अनुमति से महत्वपूर्ण दस्तावेज को आग के हवाले कर दिया गया।

### ...एल -4 में लटक कर रह गई सीएम हेल्पलाइन

कार्यालय ईई आरईएस विभाग सीधी से संबंधित सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायत क्रमांक 33962773, दिनांक 19 अगस्त 2025 का निराकरण ना होने से यह एल पर लटक कर रह गई है। शिकायत दर्ज होने पर इसका निराकरण एल-1 में ना होने के कारण यह बढ़ते-बढ़ते एल-4 में पहुंच कर लटक गई है। फिर भी जिम्मेदार अधिकारी सीएम हेल्पलाइन में दर्ज महत्वपूर्ण शिकायत का निराकरण कराने की जरूरत नहीं समझ रहे हैं। वहीं मामले का दोषी संविदा डाटा एंट्री आपरेटर को बचाने के लिये लगातार दबाव बना हुआ है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि विभाग को करोड़ों की क्षति के मामले में आखिर विभागीय अधिकारी पर्दा डालने में क्यों लिप्त हैं।

### सीएम हेल्पलाइन प्रभारी की कार्यप्रणाली पर खड़े हो रहे सवाल

कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा कार्यालय में पदस्थ डीएम राजभान तिवारी प्रभारी सीएम हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण शिकायत सीएम हेल्पलाइन में क्रमांक 33962773, दिनांक 19 अगस्त 2025 को दर्ज है। फिर भी प्रभारी सीएम हेल्पलाइन श्री तिवारी द्वारा शिकायत का संतुष्टिपूर्वक निराकरण कराने की बजाय सीएम हेल्पलाइन को गलत जानकारी भेजकर शिकायत को ही बंद कराने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। यहां तक की उनके द्वारा गलत जानकारी को फीड भी कराया जा रहा है। शिकायतकर्ता की शिकायत का निराकरण महीनों बाद भी नहीं हो रहा है।

### इनका कहना है

सीएम हेल्पलाइन के प्रभारी डीएम राजभान तिवारी हैं। यदि उनके द्वारा सीएम हेल्पलाइन में गलत जानकारी फीड की जा रही है तो जानकारी ली जायेगी और निर्देशित किया जायेगा कि सीएम हेल्पलाइन में तथ्यात्मक एवं सही जानकारी फीड कर शिकायतकर्ता से संपर्क कर शिकायत का संतुष्टिपूर्वक निराकरण किया जाये।

**इंजी .सी .एल .साकेत, कार्यपालन यंत्री, आरईएस-सीधी**

शिकायत के संबंध में आवश्यक जानकारी रिकार्ड देने पर ही दे सकता हूं। रिकार्ड से ही यह स्पष्ट होगा कि शिकायत की स्थिति क्या है और उस पर क्या कार्यवाही अभी तक हो चुकी है।

**राजभान तिवारी, डीएम एवं प्रभारी सीएम हेल्पलाइन कार्यालय, आरईएस सीधी**

# गोपाल दास मंदिर में श्रीराम जानकी विवाह महोत्सव आज

नवभारत न्यूज

**सीधी 24 नवम्बर। शहर के हृदय स्थल में बसे श्रीश्री 1008 श्री स्वामी श्री गोपाल दास महाराज आश्रम अध्यात्म रामायण मंदिर में दिन मंगलवार को दोपहर 1 बजे से बड़े धूमधाम से श्री सीताराम विवाह महोत्सव एवं भजनांजलि कार्यक्रम आयोजित है।**



धार्मिक मान्यताओं के अनुसार त्रेता युग में मार्गशीर्ष माह की शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि पर भगवान राम और माता सीता का विवाह हुआ था। प्रभु राम और माता जानकी की जोड़ी को एक आदर्श जोड़ी के रूप में देखा जाता है। इसलिए हर साल इस दिन को विवाह पंचमी के रूप में मनाया जाता है। इस तिथि पर माता सीता और भगवान राम का विवाह करवाना काफी शुभ माना जाता है। इस विधि से पूजा पूजन कार्यक्रम एवं विवाह कार्यक्रम में आप सभी भक्तगण ज्यादा से ज्यादा संख्या में सम्मिलित हो एवं पुण्य के भागी बने।

# पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस सीधी में तेग बहादुर शहीदी दिवस पर प्रबोधन कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

**सीधी 24 नवम्बर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़एक्सीलेंस, संजय गांधी स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में आज 24 नवम्बर 2025 को सिख धर्म के 9वें गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस पर प्रबोधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.प्रभाकर सिंह ने



विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु तेग बहादुर जैसे महापुरुषों के जीवन आदर्शों से हमें सदैव प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि सत्य के मार्ग का अनुसरण, मन की शांति और श्रेष्ठ कर्मकृये सभी तत्व हमें समाज के लिए सकारात्मक योगदान करने हेतु प्रेरित करते हैं।

इसके बाद विषय प्रस्तुति के दौरान डॉ.दिलीप कुमार सोनी ने गुरु तेग बहादुर जी के देशभक्ति, त्याग, मानवीय मूल्यों और सामाजिक जागरूकता से जुड़े महत्वपूर्ण प्रसंगों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की भूमिका सदैव व्यवस्था को सुदृढ़ करने वाली होनी चाहिए, न कि उसमें बाधा उत्पन्न करने वाली। कार्यक्रम का संचालन डॉ.गंगा देवी बैरागी कार्यक्रम अधिकारी, द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन डॉ.राम मिलन प्रजापति, सहायक प्राध्यापक ने किया। इस अवसर पर प्रो.श्रेया शर्मा सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे और गुरु तेग बहादुर जी के जीवन-संदेशों से प्रेरित होकर कार्यक्रम से लाभान्वित हुए।

# बम्हनी विद्यालय की छात्राओं ने व्हाइट टाइगर सफारी का किया शैक्षणिक भ्रमण

नवभारत न्यूज

**सीधी 24 नवम्बर। शासकीय हाईस्कूल बम्हनी के पूर्व प्राचार्य शिक्षक सतीश कुमार पाण्डेय द्वारा 23 नवम्बर 2025 को कक्षा दसवीं की छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण में सौर ऊर्जा प्लांट, ऐतिहासिक मंदिर गुढ़ श्री भैरवनाथ मंदिर एवं मुकुंदपुर व्हाइट टाइगर व चिड़ियाघर ले जाया गया।**



सतीश कुमार पाण्डेय ने बताया कि छात्राओं की खुशी एवं शैक्षणिक जानकारी के लिए माता-पिता एवं अभिभावक से लिखित एवं मौखिक दोनों सहमति प्राप्त कर अपने निजी खर्चे से शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। छात्राओं की आंखों में खुशी एवं उत्साह देखकर मुझे अपार खुशी की अनुभूति हुई। छात्राओं के द्वारा मुझसे प्रतिदिन भ्रमण में ले जाने का निवेदन किया जाता था। भ्रमण में भोजन, नाश्ता आदि की सम्पूर्ण व्यवस्था मेरे द्वारा की गई थी। किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हुई। छात्राओं में काफी उत्साह पाया गया ।बालक वर्ग से भी छात्रों को भ्रमण में अवकाश के दिन ले जाया जाएगा। नियमित उपस्थिति, स्वच्छता, अध्ययन आदि का आधार बनाकर भ्रमण में जाने वाली छात्राएं सुष्मिता, कल्पना, रिया, निधि, साक्षी, रेखा, मोनू, शिखा, लक्ष्मी, साधना, रचना, प्रिया साथ में शिक्षिका संगीता सेन, विकास शर्मा, चौकीदार रामजनम को भी ले गए थे। श्री पाण्डेय छात्रों के लिए समर्पित होकर हमेशा कार्य किए है। इसके लिए अभिभावकों माता-पिता एवं समाज के लोगों द्वारा प्रशंसा की गई।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**सीधी 24 नवम्बर। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने आज ग्राम भगोहर, तेगवा, सिरसी एवं पड़री का दौरा कर निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण एवं मतदाता गणना पत्रक भरने की प्रक्रिया का निरीक्षण किया।**

उन्होंने प्रत्येक ग्राम में पहुंचकर प्रगति कार्य की जानकारी ली तथा वहां मौजूद ग्रामीणों, कार्यकर्ताओं एवं बीएलए साथियों से पुनरीक्षण कार्य में तेजी लाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मतदाता



सूची का सही एवं पारदर्शी तरीके से अद्यतन होना निर्वाचन प्रक्रिया की मजबूती के लिए अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने बीएलए साथियों को मतदाता सूची पुनरीक्षण एवं गणना पत्रक भरने की तकनीकी प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा सभी को निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूरा करने के लिए प्रेरित किया। उक्त पर चर्चा करते हुए कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण लोकतंत्र की बुनियाद को मजबूत करने की सबसे महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। हर पात्र नागरिक का नाम सूची में जुड़ना और त्रुटियों का समय पर सुधार होना बेहद जरूरी है। मैं सभी बीएलए साथियों और कार्यकर्ताओं से अपील करता हूं कि वे पूरी जिम्मेदारी और समर्पण के साथ गणना पत्रक शीघ्र भरें, ताकि क्षेत्र के हर मतदाता को उसका मतदान अधिकार सुनिश्चित हो सके।

उन्होंने ग्रामीणों से भी आग्रह किया कि वे अपने परिवार के सभी सदस्यों के दस्तावेज समय पर उपलब्ध कराकर इस प्रक्रिया में सक्रिय सहयोग दें।

## एक नजर में

### नए संसोधित श्रम कानून का विरोध कल : आनंद



**सीधी।** केन्द्र सरकार द्वारा श्रम कानून मे संसोधन करके नया कानून लागू किया गया, जिसका पूरे देश मे बामपंथी श्रम संगठनों द्वारा आंदोलन किया जायेगा। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता कॉमरेड आनंद पाण्डेय द्वारा जारी प्रेस नोट मे बताया गया कि मोदी सरकार द्वारा 40 कानून खत्म करके मात्र 4 कानून बनाया जा रहा है जिससे श्रमिकों के अधिकार खत्म हो जाएगा। मोदी सरकार की मनमानी श्रमिक संगठन बर्दास्त नहीं करेगा। मोदी सरकार को ये काला कानून वापस लेना पड़ेगा।

### डिजिटाइजन कार्य में अधिकारी सतत् मॉनीटरिंग में जुटें

**सीधी।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं का सत्यापन कार्य सतत् रूप से जारी है। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत प्रत्येक मतदाता से गणना पत्रक में आवश्यक जानकारी संकलित कर उसका डिजिटाइजेशन किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशन में सेक्टर अधिकारी, प्रभारी अधिकारी एवं एसडीएम लगातार क्षेत्र भ्रमण कर एसआईआर कार्य की मानीटरिंग कर रहे हैं। वे बीएलओ द्वारा सामना की जा रही समस्याओं का समाधान भी तत्काल कर रहे हैं, जिससे कार्य सुचारु रूप से आगे बढ़ रहा है। कलेक्टर ने सभी बीएलओ को निर्देशित किया है कि निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने हेतु अन्य विभागीय कर्मचारियों तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों का सहयोग भी लें। उनके निर्देशों का सकारात्मक परिणाम यह है कि गणना पत्रक के डिजिटाइजेशन का कार्य जिले में तेज गति से प्रगति पर है तथा इसे नियत समय से पूर्व शत-प्रतिशत पूर्ण कराने की तैयारी की जा रही है।

### एक लाख से अधिक नागरिकों को दिलाई जाएगी शपथ

**सीधी।** भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन द्वारा चलाए जा रहे नशा-मुक्ति कार्यक्रम को जिले में व्यापक जनसहभागिता के साथ क्रियान्वित किया जा रहा है। जिले को नशा-मुक्त समाज की दिशा में अग्रसर करने के उद्देश्य से आम नागरिकों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला पंचायत सीधी के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी धनंजय मिश्रा ने बताया कि अभियान के अंतर्गत 1 लाख से अधिक नागरिकों को नशा-मुक्ति ई-शपथ दिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए सभी विभागों, संस्थाओं, शैक्षणिक परिसरों और सामाजिक संगठनों को सक्रिय रूप से जोड़ने की कार्ययोजना बनाई गई है। अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ-साथ छात्र-छात्राओं तथा आम जनों को भी इस अभियान से जोड़ने के निर्देश दिए गए हैं। मिश्रा ने बताया कि ई-शपथ के लिए सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई लिंक के माध्यम से नागरिक आसानी से शपथ ग्रहण कर सकते हैं। शपथ लेने के बाद प्रतिभागियों को स्क्रीनशॉट भी उपलब्ध कराना होगा। जिला प्रशासन ने अपील की है कि सभी नागरिक नशा-मुक्त समाज के निर्माण में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएँ तथा अधिक से अधिक संख्या में ई-शपथ लेकर इस राष्ट्रव्यापी अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें।

# जिले के राजस्व को लगा करोड़ का चूना, विभाग मौन

नवभारत न्यूज

**सीधी 24 नवम्बर। आम आदमी पार्टी के नेता पूर्व प्रदेश सचिव राम चरण सोनी ने बताया कि ग्राम पटेहरा, आमडाड, गोपालपुर, बघवार और रामपुर के कुछ किसानों ने मुझसे मुलाक़ात की।**

उन्होंने बताया कि रेलवे के कार्य में मुरूम और मिट्टी की अवैध खुदाई कर राजस्थान के ठेकेदार और कुछ यहां सीधी के विधायक, पूर्व विधायक और पूर्व सांसद के करीबी लोग दिन-रात कई पोकलेन मशीनों और 25-30 हाइवा लगातार अवैध खुदाई कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि रेलवे के ठेकेदार बधवार, मुर्तला, कोदई दांड, आमडांड, पटेहरा, गोपालपुर आदि गांव के आसपास




की ज़मीन और टीलों को समाप्त कर दिया है और लगभग 50 से 60 लाख क्यूबिक मीटर पत्थर, मुरूम और मिट्टी बिना परमीशन, बिना रायलटी जमा किए खनिज विभाग की मिलीभगत से खुदाई कर ली और शासन के राजस्व का लगभग 100 करोड़ का नुकसान किया, पूरी प्रकृति का सत्यानाश कर दिया गया। इस भ्रष्टाचार के खेल में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सरकार पूरा संरक्षण रेलवे का कार्य कर रही राजस्थान की कम्पनियों को प्राप्त है। किसी को सच्चाई जाननी है तो दिन-रात 10 पोकलेन मशीन और 25-30 हाइवा गोपालपुर पटेहरा में चल रहे हैं जा कर चेक कर सकता है।

# खसरा, नक्शा त्रुटि सुधारने की मांग पर राजस्व मंत्री से भेंट

नवभारत न्यूज

**सीधी 24 नवम्बर। मध्यप्रदेश में कम्प्यूटरीकृत खसरा एवं नक्शे की त्रुटि सुधार हेतु त्वरित निराकरण करने एवं तहसीलदारों को अधिकार देने तथा कम्प्यूटर आपरेटर की जवाबदेही सुनिश्चित किये जाने की मांग को लेकर आज समाजसेवी हेमप्रताप तिवारी एडवोकेट ने प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा से भेंट कर आवेदन सौंपा।**

आवेदन में कहा गया है कि मध्यप्रदेश के राजस्व न्यायालयों में कम्प्यूटरीकृत खसरा की त्रुटि के कारण हजारों प्रकरण विचाराधीन हैं। 5 वर्ष से ऊपर की त्रुटि सुधार का अधिकारी जिला कलेक्टर को दिया



गया है। इस वजह से गरीब तबके के किसान खसरा त्रुटि सुधार के लिये सालों से राजस्व अधिकारियों के यहां आवेदन देकर भटक रहे हैं। यहां तक की राजस्व न्यायालयों में खसरा त्रुटि सुधार के प्रकरणों पर त्वरित कार्यवाहीं की बजाय केवल पेशी पर पेशी ही दी जा रही है। उक्त समस्या के निराकरण के लिये गांवों में कैम्प लगाये जाएं, जिनमें खसरा एवं नक्शा में त्रुटि सुधार किया जाय। वहीं राजस्व न्यायालयों को भी ऐसे प्रकरणों में त्वरित सुधार का आदेश प्रसारित किया जाय। राजस्व मंत्री द्वारा इस पर त्वरित कार्यवाहीं का आश्वासन दिया गया है।

# कर्मचारियों की यातनाएं नहीं रुकी तो शुरू करेंगे काम बंद हड़ताल : बृजेश

## पीआईसी की कार्यवाही से नाराज कर्मचारी संघ ने खोला मोर्चा, अध्यक्ष पर लगाए गंभीर आरोप, कहा नियम का नहीं है ज्ञान

नवभारत न्यूज

**सीधी 24 नवम्बर। नगर पालिका परिषद सीधी के कर्मचारी संघ अध्यक्ष बृजेश सिंह ने पत्रकार वार्ता आयोजित कर अध्यक्ष श्रीमती काजल वर्मा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि अगर कर्मचारियों की यातनाएं नहीं रुकी तो बहुत जल्द हम सभी कर्मचारी साथी काम बंद कर हड़ताल पर जाएंगे।**

श्री सिंह ने कहा कि गत दिनों मेरे संघ द्वारा अध्यक्ष के परिजनों पर नगर पालिका परिषद में अनैतिक रूप से दखल देने की शिकायत



कलेक्टर एवं सीएमओ से की गई थी। जिसके चलते मुझे टारगेट करके पीआईसी की बैठक में निलंबित करने का प्रस्ताव भेजा गया है। मीडिया के जवाब में श्री गोरे ने कहा कि मुझे किसी भी प्रकार की कोई नोटिस नहीं मिली है लेकिन आपके लोगों के माध्यम से ही यह पता चला है कि जिस आरोप में मुझे निलंबित करने का प्रस्ताव भेजा गया है उसमें यह कहा गया है कि आपके द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नियम विरुद्ध तरीके से लिया गया है। जबकि मेरे द्वारा जो आवास योजना का लाभ लिया गया है पूरी तरह नियमानुसार ही है। उन्होंने यह भी कहा कि मेरे नगर पालिका के 17 कर्मचारी आवास योजना का लाभ लिए हैं और सभी ने नियमानुसार ही लाभ उठाया है।

लेकिन मुझे सिर्फ इसलिए टारगेट किया गया है क्योंकि मेरे द्वारा अध्यक्ष के परिजनों को लेकर नगर पालिका परिषद में की जा रही दखलंदाजी का विरोध किया गया था। हालांकि यह विरोध सिर्फ मेरे द्वारा ही नहीं किया गया था उसमें सभी कर्मचारी साथी शामिल हैं। बता दें कि नगर पालिका परिषद सीधी की स्थिति दिनों दिन बिगड़ती जा रही है विकास के सारे कार्य ठप्प है।

### नियम विरुद्ध तैयार किया गया है प्रस्ताव : आलोक

नगर पालिका निगम परिषद कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष आलोक सिंह द्वारा जारी बयान में यह आरोप लगाया गया है कि जिस तरह हमारे नगर पालिका परिषद सीधी के कर्मचारी संघ अध्यक्ष बृजेश सिंह गोरे के खिलाफ निलबंन का प्रस्ताव पीआईसी द्वारा तैयार किया गया है वह पूरी तरह से नियम विरुद्ध हैए श्री सिंह ने यह भी कहा है कि पहले जिस आरोप में कार्यवाही की जानी है उसकी जांच कराई जानी है फिर संबंधित कर्मचारी को सूचना भेज कर उसका पक्ष सुना जाना चाहिएए लेकिन यहां पूरी तरह से मनमानी की जा रही है। बता दें कि जिलाध्यक्ष आलोक सिंह द्वारा जारी बयान में इस कार्यवाही को लेकर काफी आक्रोश दिखाई दे रहा हैए उन्होंने कहा कि अगर कार्यवाही नियम विरुद्ध तरीके से की गई तो प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा।

### प्रदेश अध्यक्ष भी उतरे समर्थन में

सीधी नगर पालिका के कर्मचारी संघ अध्यक्ष बृजेश सिंह गोरे के खिलाफ गत दिनों पीआईसी की बैठक में लिए गए निर्णय की जानकारी मिलते ही समूचे प्रदेश भर में निकाय कर्मचारियों के प्रति आक्रोश दिखाई दे रहा है। निकाय कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह सोलंकी ने इस मामले को लेकर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें उन्होंने कहा कि नगर परिषद इकाई सीधी के अध्यक्ष बृजेश सिंह गोरे के खिलाफ जो कार्यवाही की जा रही है वो गलत है। उन्होंने कहा कि बृजेश सिंह द्वारा अभी नगर पालिका कर्मचारियों के साथ अभद्र भाषाओं का प्रयोग करने वाले अध्यक्ष के परिजनों को लेकर कलेक्टर एवं सीएमओ को ज्ञापन सौंप कर अनाधिकृत व्यक्तियों की दखलंदाजी पर रोक लगाने की मांग उठाई थी जिसके चलते उनके खिलाफ अध्यक्ष एवं पीआईसी के सदस्यों द्वारा षड़यंत्र पूर्वक कार्यवाही की जा रही है। श्री सोलंकी ने बताया कि सीधी नगर पालिका परिषद में कर्मचारियों के साथ किए जा रहे दुर्व्यवहार को लेकर मैने मंत्री नगरीय प्रशासन, प्रमुख सचिव, आयुक्त सहित अन्य जिम्मेवारो को पत्र भेज दिया गया है।

CMYK